04 14 दिन बाद 4020 रुपए तय हुआ सोयाबीन...



08 राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर मैराथन...



## खबर संक्षेप

### शहर की 5 घंटे रहेगी बिजली बंद

**माखन नगर।** माखन नगर शहर में सड़क चौड़ीकरण के कार्य किया जाना है विद्युत मंडल केअधिकारी ने बताया सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है इस हेतु 11 केवी माखन नगर शहर की सप्लाई 11 से 4 तक बंद रहेगी।

### अनुपस्थित भृत्य को दिया रजिस्ट्रार ने शोकाज

**नर्मदापुरम।** जिला रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट ने लंबे समय से अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित चल रहे आसंजित भृत्य महेंद्र सिंह चौहान को तत्काल कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होने के संबंध में सूचना पत्र जारी किया है। जारी सूचना पत्र में कहां है कि भृत्य महेंद्र सिंह चौहान कार्यालय जाकर अपना पक्ष रखें। उल्लेखनीय है कि भृत्य महेंद्र सिंह चौहान 8 जुलाई 2024 से निरंतर अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित हैं।

### राज्यसभा सांसद आज नरसिंहपुर भ्रमण पर

**नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया 8 नवंबर को नरसिंहपुर जिले के भ्रमण पर रहेंगी। नारोलिया 8 नवंबर को प्रातः 9:00 बजे सेमेरिटन्स हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित युवा सांसद कार्यक्रम में शामिल होंगी।

### बिना पर्याप्त सफाई व गहरीकरण के खोली जाएंगी तवा डेम की दांई तट नहरें

# नहरों में उगी घनी झाड़ियां रोकेंगी जल बहाल, नहरों की हालत बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

घासफूस, झाड़ियों व उथली नहरों की स्थिति से किसानों में असंतोष है। किसानों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि प्रतिवर्ष बिना पर्याप्त सफाई किये ही नहरें खोल दी जाती हैं। जिसके कारण टेल-एंड तक नहर का पानी नहीं पहुंचता है। तथा इस स्थिति में सभी किसानों को नहरों से खेतों की सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। किसानों के अनुसार अभी भी समय है कि नहरें साफ व गहरी की जा सकती हैं, अतः ये कार्य कर किसानों को चिंता से मुक्त किया जाएं।

आगामी फसलों के लिए शासन के आदेशानुसार तवा डैम नहरें खोली जा रही हैं। फिलहाल बांई तट नहरें खोली गई हैं व शीघ्र ही दांई तट नहरें खोली जाएंगी। लेकिन नहरों की सफाई नहीं की गई है।



#### झाड़ियां रोकेंगी पानी

कृषक बलराम पटेल, केसरी सिंह पटेल, जगदीश पटेल आदि ने बताया कि नहरों के अधिकतर क्षेत्र बड़ी तथा घनी झाड़ियों से पटे पड़े हैं। झाड़ियों से नहरों का तल ऊंचा हो गया है। ये घनी झाड़ियां नहरें खोलने पर जल बहाव गति को मद्धम करेंगी। साथ ही यह भी होगा कि थोड़े आगे जाने पर पानी ठहर जाएगा। अतः सबसे पहले आवश्यक है कि नहरों से झाड़ियां हटाई जाएं। और फिर नहरों का समतलीकरण किया जाए। देखना होगा कि किसानों की मांगों की पूर्ति कब होती है।

#### हो राशि का सदुपयोग

क्षेत्रीय किसानों का आरोप है कि नहरों के संधारण के लिए सरकार से प्राप्त होने वाली राशि का जल संसाधन विभाग द्वारा उचित उपयोग नहीं किया जाता है। और परिणाम स्वरुप तवा डैम की दांई तट नहरें उथली होती जा रही हैं। आवश्यक है कि प्राप्त शासकीय राशि का सदुपयोग हो तथा नहरों को किसानों की मांग के अनुरूप जल बहाव के लिए अनुकूल रूप दिया जाए।

#### असमतल हैं नहरें

सोहागपुर ब्लॉक के किवलारी ग्राम निवासी किसान बलराम पटेल ने बताया कि तवा डैम की दांई तट नहरें असमतल हैं। कई जगह माइनर केनाल अपने मुहाने पर ही तीव्र जल बहाव के कारण गहरी हो जाती हैं। जबकि इसके आगे बढ़ने पर तल उथला होता जाता होता है। जिसके कारण नहरों मध्य क्षेत्रों से अंत क्षेत्र तक पानी पर्याप्त रूप से नहीं पहुंच पाता है। बलराम पटेल के अनुसार आगामी समय में असमतल नहरों में पानी का बहाव व इसकी गति निश्चित रूप से प्रभावित होना तय है। अतः आवश्यक है कि सबसे पहले नहरों का समतलीकरण सही ढंग से किया जाना चाहिए। तथा माइनर नहरों के मुहाने से टेल क्षेत्र की ओर ढलान सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## विधायक ने दिलाया स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता का संकल्प

### सेठानी घाट पर हुआ वंदे मातरम सामूहिक गायन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय सेठानी घाट पर उपस्थित लोगों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का गायन किया गया। राशि खांडेकर के स्वर से स्वर मिलाकर उपस्थित लोगों ने पूरे उत्साह से वंदे मातरम का गायन किया।

इस अवसर पर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदा पुरम के विधायक डॉक्टर सीता सरन शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा, नगर पालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, नगर पालिका इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे, मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, प्रीति शुक्ला, माधव दास अग्रवाल, जनप्रतिनिधि गण, प्रशासनिक अधिकारी, बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राएं, आम नागरिक, श्रद्धालु गण, एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने सेठानी घाट पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम 150 वर्ष पूर्व लिखा गया गीत है, वंदे मातरम गीत आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम कार्यक्रम के आयोजन से आज की युवा पीढ़ी का वंदे मातरम गीत की औजस्विता से परिचय हुआ है।

## नगर पालिका कर रही प्रयास, शहर के वार्डों में नागरिकों को बताया जा रहा कचरे का पृथकीकरण करना, दिए गए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका की टीम द्वारा स्वच्छ भारत अभियान एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 अभियान के तहत वार्डवार नागरिकों को कचरे का पृथकीकरण करना बताया जा रहा है। जिसमें गीला कचरा, सूखा कचरा और हानिकारक कचरे को अलग अलग रखना। वाहन आने पर उसी में कचरे को डालने की समझाइश दी जा रही है।

कार्य प्रभारी दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका




अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर वार्ड वार नागरिकों को समझाइश दी जा रही है। कचरे का रियूज, रिसाइकिल एवं रिड्यूज करना और डस्टबिन के बारे में भी बताया गया। इस अभियान में स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी सहित नपा की टीम शामिल थी। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे किसी भी प्रकार का कचरा सड़क, नाली या खुले प्लाट में न फैंकें।

इससे गंदगी के साथ ही मच्छर और अन्य जीव जंतु उत्पन्न होते हैं। जिससे बीमारी फैलने की आशंका रहती है। सभी नागरिकों से आग्रह है कि कचरा वाहन आने पर कचरा उसी में डालें तथा अपने आसपास के लोगों को भी समझाइश दें।

## सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में हुआ महिलाओं का समागम

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अतिथियों ने किया सम्मानित, मंच से अतिथियों का परिचय कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सरस्वती विद्या मंदिर सोहागपुर में सप्त शक्ति संगम का कार्यक्रम गत दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सप्त शक्ति कार्यक्रम की प्रान्त संयोजिका नीता गोस्वामी ने कहा कि हमारा परिवार टूटने ना पाएं, इस बात का ध्यान रखें।

हमें नकारात्मक विचारों को त्यागना है, क्षमा भाव हमारे अंदर होना चाहिए एवं परिवार को ठीक करने के लिए हमारी भाषा, वेषभूषा तथा परिवार में एक दिन सामूहिक भोजन करने की योजना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को साथ बैठाएं, हमारा घर आदर्श हो, स्वास्तिक घर के द्वार पर बना हो, तुलसी का पौधा हमारे आंगन



में हो, हमारे घरों में पांचों प्रकार के सुखों का समावेश हो व रामचरितमानस का पाठ हो। समाज में सशक्त भूमिका निभाने वाली महिलाओं का भी कार्यक्रम में सम्मान किया गया। अनुभव कथन में ऊषा शुक्ला ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम अध्यक्ष तारा जायसवाल ने सारगर्भित व प्रेरणादाई उद्बोधन दिया। इस अवसर पर अल्का पुरोहित समाज सेविका भी उपस्थित रहीं। मंच के अतिथियों का परिचय शालिनी चौहान ने कराया।

कार्यक्रम का संचालन अंजली मंडलोई ने किया एवं आभार बहिन संध्या सूर्यवंशी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर की महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय समिति पदाधिकारी कन्नुलाल अग्रवाल, कृष्ण कुमार पालीवाल, राजा भैया पटैल, देवराज पटैल, संजीव दुबे, अभिषेक जैन, सौरभ सोनी, लज्जा सिंगारे, प्राचार्य अशोक कुमार दुबे, थाना प्रभारी ऊषा मरावी उपस्थित रहे।

## स्प्रिंग डेल्स स्कूल के विद्यार्थी सीबीएसई साइंस एग्जिबिशन में राज्य स्तर पर दिखा रहे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर नवाचार, शिक्षा–सार्थकता और वैज्ञानिक सोच के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के कक्षा नौ के होनहार विद्यार्थियों सानिध्य मालवीय और संस्कृति मालवीय द्वारा तैयार किया गया अभिनव प्रोजेक्ट "एग्रीनेक्स्ट – कृषि में सतत विकास के लिए स्मार्ट समाधान" को सीबीएसई साइंस एक्ज़िबिशन 2025–26 विजयी होकर रीजनल स्तर पर प्रस्तुत हो रहा है। इस वर्ष की विज्ञान प्रदर्शनी की थीम "आत्मनिर्भर और विकसित भारत" रखी गई थी




जिसके अंतर्गत "सस्टेनेबल एग्रीकल्चर" में यह प्रोजेक्ट विशेष योग्यता के साथ चयनित हुआ था।

मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ क्षेत्र स्तर की यह प्रतियोगिता 7 और 8 नवंबर 2025 को सन्मति हायर सेकेंडरी स्कूल, इंदौर में आयोजित की जा रही है, जहाँ स्प्रिंगडेल्स की टीम राष्ट्रीय स्तर पर चयन हेतु अपनी प्रस्तुति दे रही है। विद्यालय के विज्ञान विभाग के मेंटर गजेन्द्र सिंह के निर्देशन में तैयार किया गया यह प्रोजेक्ट आधुनिक तकनीक और स्मार्ट इनोवेशन का बेहतरीन उदाहरण है। विद्यालय की प्राचार्य मोना चटर्जी ने बताया 'हमारा मॉडल प्रोजेक्ट "एग्रीनेक्स्ट" कृषि में तकनीकी क्रांति लाकर उसे स्मार्ट, पर्यावरण-अनुकूल और आत्मनिर्भर बनाएगा।

## जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व कैंसर जागरुकता दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला अस्पताल में 7 नवंबर को विश्व कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल नर्मदापुरम के एनसीडी परिसर एवं दंत चिकित्सा शाखा में डॉ डी सी किंगर, डॉ श्रद्धा बडानी, दंत चिकित्सक, डॉ उदित भट्ट एनसीडी नोडल अधिकारी द्वारा 43 नागरिकों की कैंसर स्क्रीनिंग की गई। सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले ने कैंसर के लक्षणों, इलाज और रोकथाम के बारे में जानकारी दी। कैंसर जागरूकता की इस वर्ष की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जिसका मतलब है कि हर कैंसर रोगी, हर देखभाल करने वाले, हर परिवार की कहानी अलग-अलग होती है।

## समेरिटंस स्कूल इटारसी में स्वास्थ परीक्षण शिविर आयोजित, बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस स्कूल इटारसी में शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्रुप के निदेशक डॉ. आशुतोष शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने बच्चों और उनके अभिभावकों से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और प्राकृतिक एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर डॉ. आदर्श राजपूत ने स्वच्छता बनाए रखने के टिप्स दिए। डॉ. अमन शुक्ला ने बच्चों को जंक फूड और उनके



स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में आगाह किया। डॉ. उमेश सिंह और डॉ. निधि जैन ने बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए हरी सब्जियों के सेवन पर जोर दिया। डॉ. आयुषी राजपूत ने छात्रों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए योग का अभ्यास करने और अनुशासित जीवनशैली अपनाने का सुझाव दिया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और छात्रों ने भाग लिया और इसकी सराहना की।

स्कूल के प्रधानाचार्य प्रशांत दीक्षित ने सभी के जीवन में अच्छे स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया और समाज की भलाई के लिए स्कूल द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। मंच संचालन प्रियंका पटेल और प्रीति झांझोत मैडम ने किया।

## बांद्राभान मेले में 843 श्रद्धालुओं ने लिया निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा तवा नदी के संगम स्थल बांद्राभान में आयोजित बांद्राभान मेले में जिला प्रशासन के निर्देश पर अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया। स्वास्थ्य केंद्र में 843 श्रद्धालुओं ने निःशुल्क अपना उपचार कराया।

मेले में प्रतिदिन 3 पालियों में चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफ ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। इन श्रद्धालुओं में सामान्य बुखार, सर्दी जुकाम, पेट दर्द, हाथ पैर दर्द वाले मरीज ज्यादा रहे, मात्र 1 मरीज जिनको बीपी ज्यादा था, उन्हें प्राथमिक उपचार देकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल रिफर किया गया।

सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के आदेशानुसार मेला प्रभारी डॉ सृजन सेंगर, बीएमओ डोलरिया के मार्गदर्शन में समस्त अधिकारी / कर्मचारियों ने निर्धारित समयानुसार आम जनता को चिकित्सा सुविधा प्रदान की।

### अतिथियों के द्वारा विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

## ईशान परिसर 'द चैम्प्स फन स्कूल' में दो दिवसीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में 6 एवं 7 नवम्बर 2025 को दो दिवसीय क्विज प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान, तर्कशक्ति और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। 6 नवम्बर को आयोजित प्रथम चरण कक्षावार क्विज़ प्रतियोगिता के रूप में संपन्न हुआ, जिसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।

इस चरण से चयनित प्रतिभागियों को अगले दिन के फाइनल राउंड के लिए चुना गया। 7 नवम्बर को प्रतियोगिता का फाइनल राउंड आयोजित किया



गया। इस राउंड में कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों में से एक-एक प्रतिभागी को चुनकर कुल छः टीमें बनाई गईं। इन टीमों के नाम थे टीम ऑरा, टीम एक्वा, टीम इग्निस, टीम टेरा, टीम वॉइड तथा टीम लुमेन। सभी टीमों ने शानदार प्रस्तुति दी और अपने ज्ञान तथा तत्परता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विजेता टीमों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

#### "बेस्ट क्विजर" और "अपकमिंग टेलेंट"

इसके अतिरिक्त दो विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए इन पुरस्कारों ने बच्चों को आगे और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी तथा विद्यालय डायरेक्टर जूही चटर्जी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सदैव ज्ञान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर यह भी उल्लेख किया गया कि इस दिन राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण हुए हैं।

## भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने अपने पिता की स्मृति में कराया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत दिनों नपकर्मी अपूर्व सरोज, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज एवं अनुरंजन सरोज के पिताजी एवं सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग अधिकारी राज ऋषि जोगेश कुमार सरोज अर्थात सरोज मास्साब का निधन हो गया था। जिनकी श्रद्धांजलि सभा गुरुवार को आयोजित की गई। वहीं गुरुवार शाम स्व. सरोज के परिजनों ने राम रहीम रोटी बैंक के सहयोग से बेघरों व जरूरतमंदों को भोजन कराया है। राम रहीम रोटी बैंक से प्राप्त जानकारी अनुसार गुरूवार रात्रि में सरोज परिवार के सभी सदस्य रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां रोटी बैंक द्वारा प्रतिदिन बेघरों को भोजन कराया जाता है।

सरोज परिवार के सभी सदस्यों ने जरूरतमंदों तथा बेघरों को स्वयं भोजन परोसा। स्वर्गीय सरोज



मास्साब के पुत्रों ने भोजन पाने वालों से कहा की दिवंगत पिता की पुण्यात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें। इस दौरान सरोज परिवार के परिचित, साथी, सहयोगी व करीबी लोगों सहित राम रहीम रोटी बैंक सदस्य उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव पखवाड़ा पर उत्साह से भरे नन्हे कदम

**सारनी।** केन्द्रीय विद्यालय सरनी में शुक्रवार को जनजातीय गौरव पखवाड़े के अंतर्गत प्राथमिक विभाग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अद्भुत जोश और उत्साह के साथ भागीदारी की। उम्र में छोटे होने के बावजूद इन बच्चों का जज़्बा बड़ा दिखाई दिया। त्रिशा, सेजल, तमन्ना माकोड़े, परी, स्वर्णा, भविष्या और अनुष्का ने अपने उत्साह से वातावरण को जीवंत कर दिया। इनकी प्रस्तुतियों ने न केवल जनजातीय संस्कृति के प्रति सम्मान प्रकट किया बल्कि सभी में गर्व और प्रेरणा की भावना भी जगाई। इसी अवसर पर विद्यालय में वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रार्थना सभा में वंदे मातरम गान के माध्यम से बच्चों ने देश के प्रति आदर और गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य ब्रजेश वर्मा तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिसर देशभक्ति और गर्व की भावना से ओत-प्रोत नजर आया।

### मंदिर में चोरी मामले में अपचारी बालक गिरफ्तार

**बैतूल।** बैतूल के विनोबा वार्ड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुई चोरी का गंज पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया, जिसकी निशानदेही पर दान पेटी से चोरी हुए 10,090 बरामद किए गए। यह चोरी 31 अक्तूबर की रात को हुई थी। फरियादी सुनील जैन ने 1 नवंबर को सुबह मंदिर पहुंचने पर देखा कि भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति के पीछे का दरवाजा खुला था और दान पेटी गायब थी। दान पेटी मंदिर के दूसरे फ्लोर पर टूटी हुई मिली, जिसमें से दान की राशि गायब थी। फरियादी के अनुसार, अज्ञात चोरों ने रात में मंदिर का ताला तोडक़र दान पेटी से लगभग 50,000 की चोरी की थी। इस संबंध में गंज थाने में अपराध पंजीबद्ध किया था। डीएसपी सैफा हाशमी के निर्देशन में गंज पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी का आरोपी ओझाढाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में बालक ने चोरी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी की गई राशि में से 10,090 बरामद किए गए। विधि-विरुद्ध कार्य करने वाले इस अपचारी बालक को न्यायालय में पेश किया गया।

### भैंसदेही में वाहन किरायानामा विवाद

**भैंसदेही।** थाना भैंसदेही अंतर्गत आने वाले ग्राम चिल्कापुर निवासी सुमित कुम्भारे ने एसपी से शिकायत कर विवेकानंद वार्ड क्रमांक 02 ग्राम पोखरनी निवासी महेन्द्र सिंह चौहान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत में कहा गया कि आवेदक और अनावेदक के बीच पूर्व से मधुर संबंध रहे हैं। इन्हीं संबंधों के आधार पर अनावेदक ने 14 मई 2025 को लिखित एग्रीमेंट कर आवेदक के स्वामित्व वाला ट्रक क्रमांक एमपी 04 एचई 5126 किराये पर लिया था। वाहन की स्थिति पूरी तरह ठीक थी और उसका निर्माण वर्ष 2019 का था। अनुबंध के अनुसार श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड भैंसदेही शाखा की 70 हजार रुपये मासिक किश्त अनावेदक को आवेदक के बैंक ऑफ महाराष्ट्र खाते में जमा करनी थी, जिससे वाहन की ईएमआई कटती थी। शिकायत में बताया गया कि वाहन की कुल 68 किश्तें शेष थीं और अनुबंध के तहत अनावेदक को 1 लाख 37 हजार रुपये की पेनाल्टी राशि भी अदा करनी थी। लेकिन अनावेदक ने केवल पांच किश्तें जमा कीं और बाकी किश्तों व पेनाल्टी की राशि का भुगतान नहीं किया। कुछ दिनों पूर्व सुमित को जानकारी मिली कि अनावेदक ने ट्रक का इंजन खराब कर उसे किसी अप्रशिक्षित मैकेनिक के पास रिपेयरिंग के लिए डलवाया, सभी अच्छे टायर बदलकर खराब टायर लगाए और वाहन को दुर्घटनाग्रस्त कर दिया। सुमित के अनुसार, अनावेदक के इन कार्यों से वाहन को लगभग दस लाख रुपये की क्षति हुई है। जब सुमित ने बकाया राशि और वाहन पूर्व स्थिति में लौटाने की मांग की, तो अनावेदक ने गाली-गलौज कर इनकार कर दिया।

## किसानों को मॉडल रेट और समर्थन मूल्य के अंतर की मिलेगी राशि

# 14 दिन बाद 4020 रुपए तय हुआ सोयाबीन का मॉडल रेट, अब रोजाना तय होगा रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




भावांतर योजना के तहत शुक्रवार को मॉडल रेट सार्वजनिक किये गये। इसमें सोयाबीन का मॉडल रेट 4020 रूपये प्रति क्विंटल रहा। जिससे उन किसानों को फायदा हुआ, जिनकी सोयाबीन उपज 4501 रूपये प्रति क्विंटल बिकी, वहीं कुछ ऐसे भी किसान रहे, जिन्हे उपज के दाम 3620 रूपये प्रति क्विंटल मिले। दरअसल कृषि उपज मंडी बडोरा में सोयाबीन के दाम 3620 रूपये से 4501 रूपये क्विंटल थे। बताया गया कि जिन किसानों ने 4501 रूपये क्विंटल सोयाबीन बेची, उनके खाते में समर्थन मूल्य 5328 रूपये के अंतर की राशि यानि 827 रूपये प्रति क्विंटल सिंगल क्लिक के माध्यम से खाते में हस्तांतरित होगी, वहीं उन किसानों को नुकसान हुआ जिनकी उपज, मंडी में 3620 रूपये से लेकर 4020 रूपये के बीच बिकी, क्योंकि मॉडल रेट और समर्थन मूल्य के बीच की राशि ही किसानों को मिलेगी। कृषि विभाग के अनुसार, मॉडल भाव भोपाल से तय किये जाते है। मंडी प्रशासन के अनुसार प्रदेश स्तर पर मॉडल रेट प्रथम 14 दिन बाद जारी किये गये। अब रोजाना मॉडल रेट जारी किये जायेगे और मॉडल रेट के अंतर की राशि किसानों को मिलेगी।

### 528 किसानों से खरीदी सोयाबीन

जिले में 24 अक्टूबर से भावांतर योजना में सोयाबीन की खरीदी शुरू हुई। जानकारी के अनुसार करीब 14 दिन में कृषि उपज मंडी बडोरा में 528 किसानों ने 13097 क्विंटल सोयाबीन की उपज बेची। जिसमें से 152 किसानों ने भावांतर योजना के तहत सोयाबीन बेची, वहीं 376 किसानों ने बिना भावांतर योजना के उपज बेची है। बता दे कि जिले में भावांतर योजना के तहत सोयाबीन बेचने के लिए 8237 किसानों ने पंजीयन करवाया है। जिसमें से अभी तक मात्र 152 किसानों ने ही भावांतर योजना के तहत सोयाबीन बेची है। अधिकारियों का कहना है कि बारिश के कारण फसल कटाई में देरी हुई है। अब जैसे-जैसे मौसम खुल रहा है, किसान फसल की कटाई कर रहे है। जल्द ही सोयाबीन की अच्छी आवक होने लगेगी।

### कम दाम के बावजूद भी मंडी में उपज बेच रहे किसान

मंडियों में फिलहाल सोयाबीन के दाम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल से कम मिल रहे हैं, फिर भी कई किसान खुले बाजार में ही फसल इसलिए बेच रहे, क्योंकि यहां नकद भुगतान और कागजी झंझट भी कम है। बताया गया कि 152 पंजीकृत किसानों और 376 गैर-पंजीकृत किसानों ने 13097 क्विंटल सोयाबीन बेची है। मंडी में फिलहाल सोयाबीन लगभग 3675 रूपये से 4611 रुपए क्विंटल के बीच बिक रही है, जबकि समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल तय है। किसानों के मुताबिक भावांतर में उपज बेचने पर कई दस्तावेज मांगे गये, जबकि मंडियों में सीधे नकद भुगतान मिल जाता है, वहीं योजना में पैसा आने में महीना लग जाता है, मंडी में तुरंत नकद मिल रहा है।

### बारिश से सोयाबीन को हुआ नुकसान

इस बार बारिश से सोयाबीन की फसल को भारी नुकसान हुआ है। जब फसल पककर तैयार हुई और कई जगह कटाई भी शुरू हो गई थी। इसी बीच तेज बारिश हो गई। जिससे कई खेतों में पानी भर गया और फसल चौपट हो गई। किसानों ने बताया कि पहले पीला मोजेक से फसल पीली पड़ गई थी। जो थोड़ी बहुत फसल बची थी, वह बारिश ने खराब कर दी। खेतों में पानी भर गया था। जिससे कई दिन तक कटाई नहीं हो सकी। अधिक नमी के कारण फसलें खराब हो गई। सोयाबीन का दाना दागी हो गया। जिससे उन्हें फसलों का अच्छे दाम नहीं मिल पाये। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 93,300 हेक्टेयर सोयाबीन का रकबा था।

### पोर्टल पर अपलोड होगा

किसानों के खाते में मॉडल रेट और समर्थन मूल्य के अंतर की राशि हस्तांतरित होगी। प्रथम 14 दिवस के बाद अब मॉडल रेट प्रतिदिन पोर्टल पर अपलोड होगा।

**- डॉ. आनंद बडोनिया**
उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

मंडी में 528 किसानों से 13097 क्विंटल सोयाबीन की खरीदी की गई है। जिसमें 152 किसानों का भावांतर योजना में पंजीयन था। 7 नवंबर को सोयाबीन का मॉडल रेट 4020 रूपये तय हुआ है।


**- प्रदीप उइके,**
एसआई, कृषि उपज मंडी बडोरा बैतूल

## प्रुफ रेंज टीम ने पीनट मेटल पार्ट किया जब्त

# कुप्पा में गिरी वस्तु का रहस्य बरकरार

### एसडीओपी बोले-अंतरिम कार्रवाई की तैयारी, क्षेत्र को किया गया सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा/शाहपुर



ब्लॉक के ग्राम कुप्पा में गुरुवार को खेत में गिरी मिसाइल जैसी वस्तु के मामले में शुक्रवार को दूसरे दिन भी प्रशासनिक और सुरक्षा एजेंसियों की गतिविधियां जारी रहीं। मौके पर प्रुफ रेंज (ताकू-इटारसी) की विशेषज्ञ टीम पहुंची और वस्तु के धंसे हिस्से की जांच के बाद उसे अपने साथ ले गई। एसडीओपी मयंक तिवारी ने बताया कि खेत के अंदर से जो सामग्री बरामद हुई है, वह मेटल पार्ट है, जो विस्फोटक (एक्सप्लोजऱ) के पीछे का हिस्सा होता है। उन्होंने कहा कि यह भाग सामान्यतः मिसाइल या बम परीक्षण के दौरान उपयोग किए जाने वाले उपकरण का होता है। इसे सुरक्षित तरीके से निकालकर प्रुफ रेंज के अधिकारियों को सौंप दिया गया है। उन्होंने आगे की अंतरिम कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। शुक्रवार सुबह सीआरपीएफ टीम, डॉग स्क्वॉड, एसडीओपी मयंक तिवारी, थाना प्रभारी शाहपुर मुकेश ठाकुर, थाना प्रभारी बीजादेही रामकुमार मीणा, थाना प्रभारी चिचोली हरिओम पटेल, और सारणी नायब तहसीलदार संतोष पतारिया मौके पर पहुंचे थे। सभी ने मिलकर क्षेत्र की घेराबंदी की और ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए। सूत्रों के अनुसार, वस्तु जिस स्थान पर गिरी थी, वहां की 10 फीट गहराई तक खुदाई कर जांच की गई। खुदाई के दौरान मिले मेटल पार्ट्स को विशेषज्ञों ने पीनट कंपोनेंट के रूप में पहचाना, जिसे रक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपने साथ ले जाकर परीक्षण हेतु भेजा।

### एसडीओपी ने दिया ग्रामीणों को आश्वासन

एसडीओपी मयंक तिवारी ने कहा, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। वस्तु को विशेषज्ञों द्वारा सुरक्षित रूप से जब्त कर लिया गया है। ग्रामीणों को डरने की आवश्यकता नहीं है। हमने क्षेत्र को सुरक्षित घोषित कर दिया है और आगे की कार्रवाई रक्षा विभाग के निर्देशों पर होगी। गौरतलब है कि गुरुवार दोपहर किसान अर्जुन काजले के खेत में मिसाइल जैसी वस्तु गिरने से दहशत फैल गई थी। वस्तु मिट्टी में लगभग 10 फीट अंदर धंस गई थी, जो ऊपर से दिखाई नहीं दे रही थी। सूचना पर वन विभाग, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने रातभर मौके पर डेरा डाले रखा था।

### यह है पूरा मामला

ग्राम कुप्पा में अचानक मिशाइल जैसी वस्तु गिरने से दहशत का माहौल है। ग्रामीण इसे बम कह रहे है। यह घटना उस वक्त घटी जब किसान अपने खेतों में काम कर रहे थे, इसी दौरान एक के बाद एक तीन बम अचानक खेतों में गिरकर धंस गए। इस दौरान खेतों में काम कर रहे किसान बाल-बाल बच गए, वरना गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। घटना पुरफ रेंज से 10 किमी दूर बीजादेही थाना क्षेत्र के ग्राम कुप्पा में गुरुवार को घटित हुई। ग्रामीणों के अनुसार बम खेतों में काम कर रहे किसानों के पास गिरे हैं। यह घटना ताकू प्रुफ रेंज के पास हुई है, जो वीर गोवारी गांव से करीब 10 किलोमीटर आगे स्थित है। जिस स्थान पर बम गिरे, वह प्रुफ रेंज से सडक़ मार्ग से लगभग 15 किलोमीटर और हवाई दूरी से करीब 7 किलोमीटर दूर बताया गया है। धमाके की आवाज सुनते ही ग्रामीण दहशत में आ गए। बताया गया कि किसान उस समय खेतों की जुताई कर रहे थे। एक बम मिट्टी में धंस गया और उसके फटने से आसपास की जमीन उखड़ गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ताकू रेंज बने कई वर्ष हो चुके हैं, लेकिन इस तरह की घटना पहली बार हुई है। हांडीपानी पंचायत सहित आसपास के गांवों में लोग अब खेतों में जाने से डर रहे हैं। भौरा मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह ठाकुर ने बीजादेही थाना को घटना की जानकारी दी, हालांकि थाना प्रभारी से संपर्क नहीं हो पाया। बैतूल एसपी वीरेंद्र जैन और एएसपी कमला जोशी ने बताया कि उन्हें घटना की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। एसडीओपी शाहपुर मयंक तिवारी के अनुसार शाहपुर से पुलिस बल मौके के लिए रवाना हुआ है।

वहीं, वन ग्राम कुप्पा के निवासी मधु कुमार यादव ने कहा कि धमाका इतना जोरदार था कि लोग खेतों की ओर भागने लगे। ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बम गिरने की जानकारी प्राप्त हुई है। और दो बम गिरने की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है।

## आरोपी गिरफ्तार, चोरी गया माल भी बरामद

# तवा-01 खदान में हुई चोरी का खुलासा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

चौकी पाथाखेड़ा पुलिस द्वारा वेकोलि की कोयला खदान तवा-01 में हुई चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर माल भी बरामद कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 06 नवम्बर को वेकोलि कर्मचारी अरुण वर्मा पिता प्रीतम वर्मा (31) निवासी जैरी चौक, शोभापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तवा-01 खदान परिसर में घुसकर चोरी की वारदात की गई है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ई) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित जांच प्रारंभ की। मौके से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। 6 नवम्बर को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने राहुल मेलवे उर्फ डाकू पिता सुखदेव मेलवे (23) निवासी संत रविदास नगर पाथाखेड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया, जिसके कब्जे से करीब 18 फीट लंबी 3-कोर वाली तांबे की तार, अनुमानित मूल्य लगभग 20,000/- बरामद की गई। आरोपी राहुल मेलवे को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। आरोपी पर निगरानी रखी जा रही है तथा उसे बदमाश सूची में शामिल किए जाने की कार्यवाही प्रचलन में है। इस कार्रवाही में सउनि. अजय भाट, सउनि. शिवपाल इरपाचे, प्र.आर. मनोज डेहरिया, प्र.आर. ज्ञानसिंह टेकाम, आर. रविमोहन दर्शिमा, आर. अनुज यादव की सराहनीय भूमिका रही।

## जिम्मेदार हैं बेखबर

# नगर परिषद् में सफाई की स्थिति हो गई दयनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर




नगर परिषद के अंतर्गत वार्ड नंबर 1 में आने वाला नया बस स्टैंड सफाई के लिए तरस रहा है। यहां पर जो शौचालय बना हुआ है, उसकी स्थिति सफाई के अभाव में खराब है। बस स्टैंड पर शौचालय होने से सभी लोग इसका उपयोग करते है,परंतु साफ सफाई न होने के कारण बस यात्री इस शौचालय में जाकर परेशान हो जाते हैं। नगर परिषद शाहपुर का सफाई की ओर ध्यान बिल्कुल भी नहीं है। बिजली के खुले तार जॉइंट किए गए हैं। जिन पर करंट से बचने के लिए टेप का उपयोग भी नहीं किया गया है। वायरिंग पूरी तरह अस्त व्यस्त है। अगर कोई व्यक्ति गलती से इन तारों के पास पहुंच जाता है तो वह दुर्घटना का शिकार अवश्य होगा।

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर जिले भर में किया गया आयोजन

# राष्ट्र की चेतना है वंदे मातरम गीत: उईक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उईके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने सुमधुर और लयबद्ध स्वर में वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया, जिससे वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा। इसके पश्चात नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे सभी के द्वारा देखा गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत हंसराज धुर्वे, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम गीत नहीं अपितु राष्ट्र की चेतना को चैतन्य कराने वाला और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, भक्ति, आध्यात्मिकता की त्रिवेणी धारा प्रवाहित करने वाला यह महामंत्र है। उन्होंने बताया कि यह मंत्र जब लिखा गया तब भारत की जनसंख्या मात्र 9 करोड़ थी। आज भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है। वंदे मातरम गीत ने सभी व्यक्ति में मातृभूमि के प्रति भक्ति भाव को बनाए रखा है। यह भूमि ऋषियों, साधकों, तपस्वियों की भूमि है। मातृभूमि के प्रति जो श्रद्धा का जागरण है, इसकी वजह से हमने गुलामी की दास्ता से मुक्ति पाकर राष्ट्र के रूप में हमारा अस्तित्व बना पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में यह राष्ट्र लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा मोहन नागर ने कहा कि वंदे मातरम केवल राष्ट्रगीत नहीं है, अपितु संपूर्ण राष्ट्र को एकात्मता और एक सूत्र में पिरोने वाला मंत्र है। राष्ट्रगीत वंदे मातरम ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हमारे क्रांतिकारियों ने वंदे मातरम गीत, नारों के बूते ही आंदोलन का बिगुल फूंका था और वंदे मातरम कहते-कहते अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत संकल्प अभियान में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का योगदान है। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि 7 नवंबर को राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वां वर्षगांठ समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लिखा था। वंदे मातरम गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में देशभक्ति की भावनाओं को प्रज्वलित किया था।

### राष्ट्र की आराधना का मंत्र है वन्दे मातरमः कमलेश सिंह

**सारनी।** राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 साल पूरा होने पर वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार बिष्णु सिंह उइके शासकीय महाविद्यालय सारनी में स्मरण उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि वन्दे मातरम सिर्फ गीत नही राष्ट्र की आराधना का मंत्र है। यह गीत हमें इतिहास के असंख्य बलिदानियों की याद दिलाता है एवं डेढ़ सौ वर्ष बाद भी देशवासियों को देश के लिए जीने मरने का हौसला देता है। कहा उन्होने कि इस गीत का एक एक शब्द हमें देश भक्ति की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का शुभारंभ जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कमलेश सिंह, नपा अध्यक्ष किशोर वरदे, प्राचार्य प्रदीप पन्द्राम, विधायक प्रतिनिधि सुधा चन्द्रा सहित सभी अतिथियों द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के बाद वन्देमातरम के सामूहिक गान के साथ किया गया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए नपा अध्यक्ष किशोर वरदे ने कहा कि आज का दिन गौरव का दिन है क्योंकि आज राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के 150 साल पूरे हो रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप पंद्राम ने कहा कि इस कार्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों का जज्बा देखकर यह प्रतीत होता है कि राष्ट्रीय एकता की भावना को कोई कमजोर नही कर सकता। इस अवसर पर पार्षद दशरथ सिंह जाट, मण्डल अध्यक्ष दीपक सिनोटिया, जभास समिति सदस्य राजू बत्रा, एम एल अड़भूते सहित प्रध्यापक, नपा के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन राष्टगान जनगणमन के साथ हुआ।



## वन्दे मातरम के 150 वर्ष पर अंबेडकर कॉलेज में आयोजन




*बैतूल। भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल के सभागार में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दे मातरम गीत के गायन से किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल उपस्थित रहें। उन्होने कहा कि वन्दे मातरम भारत की आत्मा है, यह पूरे देश को प्रेरणा देता है। वन्दे मातरम बोलने या सुनने भर से देशभक्ति की लहर आ जाती है। बीएड स्कालर्स शारदा इवने दिव्या इरपाचे, लीना झरबडे, रेश्मा टिटवारे ने वन्दे मातरम की महिमा का बखान किया। जिन्हे मेडल एवं प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. देशमुख ने कहा कि वन्दे मातरम एक मंत्र है। जो देश में सबसे लोकप्रिय है। देश की एकता, अखण्डता, भाई-चारे को बनाये रखने में इसकी अहम भूमिका है। राष्ट्रगान के समान ही इसे सम्मान देना चाहिए। डॉ. गांवडे ने कहा कि वन्दे मातरम के रचयिता बंकिमचन्द्र चटोपाध्याय उस समय उच्च अधिकारी थे उन्होने अपने उपन्यास आनंदमठ में इसे स्थान दिया जो संन्यासी विद्रोह पर आधारित है। वन्दे मातरम माँ भारती की वंदना है जो पूरे देशवासियो का गर्व है, इसी से हमारी पहचान है। इसका आदर करना हमारा कर्तव्य है।*

संक्षेप खबर

## बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर हुई चर्चा

**सिवनी मालवा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना सिवनी मालवा के तत्वावधान में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान अंतर्गत परियोजना स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक संजय जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष वरुण पटेल एवं जनप्रतिनिधि रघुवीर राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला के दौरान बालिकाओं द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' थीम पर आधारित कविता, गीत और स्वविचार प्रस्तुत किए गए। साथ ही पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। मंच संचालन सुचित्रा राजावत एवं मीनाक्षी लोवंशी द्वारा किया गया। इस दौरान रीना उपाध्याय ने बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य एवं करियर काउंसलिंग पर प्रेरणादायी सत्र लिया। सत्र में बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### पचमढ़ी में मंत्री प्रहलाद पटेल रहे मौजूदगी में हुआ सामूहिक गायन का आयोजन

# नर्मदांचल में वंदे मातरम के 150 वर्ष पर गूंजा राष्ट्रगीत वंदे मातरम

भारत के राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" की 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पचमढ़ी स्थित संजय गांधी प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार 7 नवंबर को राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत के राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" की 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पचमढ़ी स्थित संजय गांधी प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार 7 नवंबर को राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री, मध्य प्रदेश शासन प्रहलाद पटेल की उपस्थिति में डाइट एवं शासकीय जनजातिय कन्या आश्रम शाला पचमढ़ी की 120 से अधिक छात्राओं ने 10 छात्राओं के समूह के नेतृत्व में पूरे उत्साह और गर्व के साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया।



कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे मंत्री पटेल सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन के पश्चात सभी ने सावधान मुद्रा में एक स्वर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम के उपरांत मंत्री पटेल ने संजय गांधी प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में पौधारोपण किया। मंत्री पटेल ने आम के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में भी आयोजन

शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा में 7 नवंबर को वंदे मातरम के 150 वीं वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का का सामूहिक गायन रहा। यह कार्यक्रम एनएसएस के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा पांडेय तथा एनएसएस स्वयंसेविकाओं के द्वारा आयोजित किया गया। समारोह में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रजनीश जाटव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। समारोह का संचालन श्री मनोज कुमार प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



# प्रशासन किसानों को नरवाई जलाने की अनुमति दें:कांग्रेस

### तहसीलदार को ज्ञापन देकर की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ब्लॉक कांग्रेस एवं क्षेत्र के किसानों किसान कांग्रेस की ओर से धान की पराली जलाने की अनुमति की मांग का ज्ञापन तहसीलदार को दिया है धान एवं सोयाबीन मैं प्राकृतिक प्रकोप से हुए नुकसान का क्षति अनसार मुआवजा देने की मांग की है शासन प्रशासन के किसानों के प्रति अव्याहारिक (पराली जलाने पर एफ आई आर)निर्णय की आलोचना करते हुए नारेबाजी की

तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र मुराडिया, पूर्व प्रदेश सचिव यशवंत सिंह राजपूत, कुलदीप मिश्रा, प्रदेश सचिव संजय अहिरवार ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष संयोगिता पांडे सेवादल ब्लाक अध्यक्ष सुबोध दुबे, हकीम खान पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद यादव मोहन सोनी संजय गिल्ला प्रदीप शर्मा शैलेन्द्र जोशी गुरुजी अखिलेश दीवान रत्नेश बडगुजर मुकेश चौहान लीलाधर यादव अरुण तिवारी अजय दीवान महेश परसाई मुकेश नायक कोटगांव के किसान पूर्व सरपंच लक्ष्मी नारायण यादव राजकुमार यादव एकदंत यादव गुलाब दास रितेंद्र यादव प्रकाश चौरसिया द्वारका चौधरी आशुतोष सक्सैना राधेश्याम यादव शुभम यादव राम मोहन यादव रामकिशोर यादव सरदार पटेल देवेंद्र यादव श्याम यादव उत्कर्ष आचार्य संयोगिता पांडे बलराम अहिरवार शेखर सिंह राजपूत अनिल चौरे स्वदेश मालवीय सुमित जयसवाल रितेश यादव सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# मुस्कान एक सुरक्षित कल के लिए जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुलिस विभाग के मुस्कान अभियान के तहत जीनियस प्लानेट स्कूल में जागरुकता सेमिनार का आयोजन कर विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। जिसमें वीरेंद्र मिश्रा एसडीओपी इटारसी एवं गौरव सिंह बुंदेला टीआई इटारसी ने साइबर सुरक्षा, गुड टच, अनुशासन के बारे में विद्यार्थियों को बताया। इस अवसर पर एसडीओपी मिश्रा ने फेसबुक, इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी के द्वारा स्कैम किए जा रहे हैं। छात्राएं इस बात का विशेष ध्यान दें और किसी की भी आईडी से न जुड़े। न ही उनकी किसी मांग को पूरा करें। गुड टच तथा बेड टच को जाने, जरा भी गलत महसूस हो तो अपने घर, स्कूल प्राचार्य को इस बारे में जरूर बताये। किसी भी अनजाने कॉल से यदि किसी प्रकार का कोई ओटीपी मांगा जाए तो बिल्कुल न दें। टीआई बुंदेला ने कहा कि विद्यार्थी अनुशासन में रहे सायबर स्कैम से बचे किसी भी गेम्स में मांगे गए रुपये कभी न दें।

## देनवा नदी से हो रही रेत की चोरी, प्रशासन नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटकुली जो राजा भभूत सिंह जनजाति की विरासत हुआ करती थी। वहां पर देनवा नदी में रेत प्रवाहित नहीं होती थी। तो हाथी पैदल चलकर रेत से पचमढ़ी जाते थे। आज भी देनवा नदी की रेत खदान आवंटन नहीं होती है। न ही शासन के रिकार्ड में दर्ज है। तथा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में भी यह नदी है। लेकिन अभी वर्तमान में देखा तथा पाया जाता है सुना है कि रात्रि में मटकुली ग्राम पंचायत के खनन माफिया अवैध रूप से रात्रि 8 बजे से सुबह 6 बजे तक मजदूर से बोरीयो में रेत भरवाकर बैलगाड़ियों में रखकर एक जगह एकत्रित कर रहे हैं। तथा वहां से ट्रैक्टर ट्राली लगाकर वह रेत मटकुली ग्राम पंचायत के आसपास की ग्राम पंचायत में तथा मटकुली ग्राम पंचायत में बन रहे मकान में भेजी जाती है। वह लोग शामिल हैं जो सीमेंट ब्लॉक्स लोहा गिट्टी के बेचने का काम करते हैं। वहीं रेत भी उपलब्ध करा रहे हैं। इस विषय में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी नायाब तहसीलदार सभी से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि उन्हें अभी जानकारी नहीं है। न कोई संदेश दिया गया है। जबकि पंचायत के लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि देनवा नदी से बैलगाड़ी में रेत भरवाकर चोरी होती है।



# शासकीय कार्य में बाधा डालने पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के तहसील कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार की तरह इस मंगलवार 4 नवंबर को दोपहर 11 से 1बजे तक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था। लेकिन अचानक सिन्धी समाज केद्वारा जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान को ज्ञापन सौंपा जा रहा था।कि अचानक एक व्यक्ति ने सिन्धी समाज के लोगों को अभद्र भाषा का उपयोग करने पर सिंधी समाज के कुछ लोगों के द्वारा लगातार किसी भी वरिष्ठ अधिकारी के डर दहशत के तथा सरकारी काम में बांधा डालते हुए मारपीट कर दी गई।इस दौरान जनपद पंचायत के लिपिक मधु तिवारी, तहसीलदार वैभव बैरागी नायाब तहसीलदार नीरज बैस धर्मेंद्र नामदेव एवं अन्य स्टाफ शामिल हुए थे। उसके बाद भी मारपीट करने वाले आरोपी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है जो चर्चा में है।

लेकिन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने विवाद ना हो इस डर को लेकर आदेश जारी कर दिए गए हैं। अब जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित जनपद पंचायत के सभा कक्ष में होगा। तथा आवेदक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। तथा दुसरा आदेश अनुसार ज्ञापन अब नवीन भवन अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय रेस्ट हाउस के पीछे मे जाकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। तथा उस दौरान सिर्फ 5लोग ही उपस्थित रहे सभी लोग 10फिट दूर रहेंगे। ज्ञापन देने वालों को एक दिन पहले सूचना लेकर अनुमति तथा समय लेना होगा। कोई नारेबाजी नहीं होगी।इस तरह सरकारी आदेश अनुसार ही आगे के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तहसीलदार वैभव बैरागी ने कहा था कि कैमरे खंगाल कर वीडियो के आधार पर आरोपी पर कड़ी कार्रवाई होगी लेकिन कार्यवाही करने की जगह नया आदेश जारी कर दिया गया है। इस विषय में तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने स्टेशन रोड थाना प्रभारी आदित्य सैनी से चर्चा करते हुए कार्यवाही करने को मौखिक रूप से कहा है। कोई दस्तावेज नहीं भेजा गया है।

पगड़ी एवं श्रद्धांजलि

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हरिकुमार, सुनील कुमार, स्व. अनिल कुमार के पूज्यनीय पिताजी



श्री शिवप्रसाद जी अग्रवाल

का देवलोक गमन दिनांक 28/10/2025 दिन मंगलवार को हो गया है ब्रह्मलीन आत्मा की शांति के लिए

पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा
दिनांक 08.11.205 शनिवार
दोप. 3 बजे से रखी गई है
अतः पधारकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

कार्यस्थल
मंगलदीप गार्डन
बागरा रोड, माखन नगर
(बाबई), जिला नर्मदापुरम

शोकाकुल परिवार
(भाई) गोविंद, कमल अग्रवाल
सुनील अग्रवाल (भोपाल),
सुरेन्द्र, सुरेश, संतोष, अनिल,
राजेश, सतीश, सुशील गोपाल
एवं समस्त अग्रवाल परिवार

शोकसंतप्त
(पुत्र) हरिकुमार, सुनील अग्रवाल
(भतीजे) किशोर, पंकज,
नीरज अग्रवाल, (पौत्र) हर्षित,
अमन, प्रखर, अनुज, माधव,
आशुतोष, सोमेश अग्रवाल

प्रतिष्ठान : शिव फायनेंस, बाबई, अग्रवाल ट्रेडर्स, बाबई
शिवप्रसाद, हरिकुमार, बाबई ,अग्रवाल मेडिकल, बाबई
बालाजी इंटरप्राइजेस, इटारसी
मो. 9993110477, 7000479694, 9425039854

# भाजपा नगर मंडल सिवनी मालवा की कार्यशाला संपन्न, जनप्रतिनिध रहे मौजूद

### मतदाता सूची पुनरीक्षण पर हुई विस्तृत चर्चा, संगठन सशक्तीकरण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

भारतीय जनता पार्टी सिवनी मालवा नगर मंडल की कार्यशाला आज सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह कार्यशाला एसआईआर (SIR) पुनरीक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों और संगठनात्मक कार्ययोजना पर केंद्रित रही। इस दौरान मतदाता सूची की जांच, अद्यतन प्रक्रिया और सुधार के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में विधानसभा प्रभारी रघुवीर सिंह राजपूत एवं नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी ने संगठनात्मक मजबूती पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता लोकतंत्र की जड़ को मजबूत करने का कार्य करता है और मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रवीण अवस्थी, दीपक बाथव, दुर्गेश पार्षद, विजय यूरिया, सफी पप्पू गौरी, प्रशांत यादव पार्षद, राजेश शिवपुरे, नगर महामंत्री अतुल बकोरिया, तुषार लोवंशी, विनय उईके, मनोज कपिल, कृष्णा व्यास, लीना यादव, रचना शर्मा, अनुज वर्मा, नरेश जायसवाल, अशोक धाकड़ एवं हर्ष चौघड़िया सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।



## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के समारोह का आयोजन

**सिवनी मालवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा में आज दिनांक 7 नवंबर 2025 को वंदे मातरम् के 150 वीं वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का का सामूहिक गायन रहा। यह कार्यक्रम एनएसएस के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी कु. आकांक्षा पांडेय तथा एनएसएस स्वयंसेविकाओं के द्वारा आयोजित किया गया। समारोह में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रजनीश जाटव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। समारोह का संचालन मनोज कुमार प्रजापति द्वारा किया गया।

### विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

# कॉलेज में मना जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में दिनाँक 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे की अध्यक्षता में और राष्ट्रीय सेवा योजना के मार्गदर्शन में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता में बहुत हद तक इसके जनजातीय समुदायों का योगदान शामिल है, जिन्होंने राष्ट्र के इतिहास और विकास के सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हर साल 15 नवंबर को, इन समुदायों के योगदान, खासकर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती भी है, जिन्हें पूरे भारत में आदिवासी समुदायों द्वारा भगवान के रूप में सम्मानित किया जाता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 नवंबर को भारत की आज़ादी के 75 साल पूरे होने के जश्न के हिस्से के रूप में बहादुर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने हेतु 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मंजूरी दी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज महाविद्यालय में विद्यार्थियों को जनजातीय समुदाय के बारे में और स्वतंत्रता संग्राम व समाज सेवा के क्षेत्रों में उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम 15 नवम्बर तक लगातार महाविद्यालय में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्राचार्य, महाविद्यालय स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### वंदे मातरम 150 स्मरणोत्सव

प्रधानमंत्री का उद्बोधन का सीधा प्रसारण दिखाया माखन नगर श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत ₹वन्दे मातरम₹ के 150 वें स्मरणोत्सव के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय गीत का आह्वान किया गया साथ ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आशीर्वचनों का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य, समस्त स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों का लिया साक्षात्कार

वहीं स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे के निर्देशन पर 6 अक्टूबर दिन गुरुवार को माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में समाजिक संस्था एवं के ट्रेनिंग मैनेजर विपिन सोनी के द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित समस्त पंजीकृत विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। विदित हो कि यह साक्षात्कार अंग्रेजी विषय की टीचिंग हेतु संपन्न हुआ था। ट्रेनिंग मैनेजर ने बताया कि चयनित विद्यार्थी का ट्रेनिंग प्रोग्राम उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में आयोजित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव पखवाड़े के तहत व्यंजन मेलों का आयोजन

**हरदा**। धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग हरदा रवि कुमार कनौजिया ने बताया कि स्वतंत्रता सैनानियों को सम्मानित करने, स्वतंत्रता संग्राम और सांस्कृतिक विरासत में उनके योगदान को याद करने तथा जनजातीय क्षेत्रों के सामाजि, आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से हर वर्ष 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला संयोजक कनौजिया ने बताया कि इस अवसर पर जिले में 1 से 15 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय में विभागीय छात्रावास आश्रमों में जनजातीय व्यंजनों जैसे सामा, कोदो कुटकी, महुआ, मक्का आदि के व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया तथा पाक कला पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी प्रकार 6 नवम्बर गुरूवार को जिला व विकासखण्ड मुख्यालय पर लोह शिल्प, बांस शिल्प, काष्ठ शिल्प, मुखोटा कला, माण्डना, मिट्टी की सामग्री से बनी शिल्पकलाओं का प्रदर्शन सभी छात्रावासों, आश्रमों व आवासीय विद्यालयों में किया गया।

### जिला रोजगार कार्यालय के रोजगार मेला का आयोजन 11 को

**सीहोर**। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से आष्टा जनपद पंचायत परिसर में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 15 कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर, यूटिलिटी फिटर, क्रेडिट कार्ड सेलर के 400 पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ जनपद पंचायत परिसर आष्टा में उपस्थित हो सकते हैं। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत युवक/युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### शौर्य स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सलामी दी व राष्ट्रीय गीत का गायन किया

# राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर मैराथन दौड़ का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




पुलिस प्रशासन एवं जिला खेल ओर युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगाँठ पर शुक्रवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शालिनी परस्ते ने हरि झंडी दिखाकर किया।

रक्षित निरीक्षक रजनी सिंह गुर्जर ने बताया कि यह दौड़ परशुराम चौक से प्रारंभ होकर गणेश चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, सिटी कोतवाली से होते हुए जिला न्यायालय परिसर के सामने स्थित शौर्य स्मारक पर सम्पन्न हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा एवं उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी व खिलाड़ियों ने शौर्य स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सलामी दी एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का गायन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा ने उपस्थित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की विशेषताएं बताई। उन्होंने कहा कि यह गीत के रचनाकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय हैं। यह गीत उनके प्रसिद्ध उपन्यास ह्यह्यआनंदमठह्लह्ल का हिस्सा है। इसे भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हर क्रांतिकारी द्वारा इस गीत को गाया गया, जो भी क्रांतिकारी शहीद होते थे, उनकी जुबा पर वंदे मातरम होता था। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक रजनी सिंह गुर्जर, सूबेदार यातायात प्रभारी उमेश ठाकुर, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, महेश शर्मा, सिटी कोतवाली पुलिस बल, पुलिस लाइन में पदस्थ पुलिस बल सैनिकों एवं खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

## वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ




**हरदा**। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्ट्रेट में संचालित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने वंदे मातरम् गीत का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने भी वंदे मातरम् का गायन किया। इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में देखा गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। जिला पंचायत परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजलि जोसफ की उपस्थित में वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगाँठ समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा राष्ट्रीय गीत गाया गया। इस अवसर पर भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना गया एवं स्वदेशी उत्पादों के उपयोग हेतु शपथ ली गई। इसके बाद दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के सीधा प्रसारण सुना गया।

### कलेक्टर ने की बैठक

# जय किसान, जय जैविक खेती जय भारत का नारा दिया गया



**रहटगांव**। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम आत्मा एवं राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत प्राकृतिक व जैविक कृषक संगोष्ठी सह कृषक उन्नमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने वंदेमातरम की 150 वीं वर्षगाँठ पर हरदा जिले के किसानों को जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिये जय किसान, जय जैविक खेती, जय भारतह्यह्य का नारा दिया। कलेक्टर ने जिले के किसानों से अपील की कि, बड़े कृषक स्वयं के एक एकड़ खेत में स्वयं के परिवार एवं अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य के लिए जैविक खेती करें। उन्होने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जैविक खेती करने वाले किसानों की सूची तैयार कर पोर्टल पर हर 3 माह में अपडेट करें। कलेक्टर ने इस दौरान किसान जयनारायण खोरे, सुभाष गुर्जर, महेशचन्द्र दुबे, अशोक कटारे को शासकीय कृषि प्रक्षेत्र पानतलाई पर उत्पादित चना एवं गेहूँ बीज वितरित किया। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि जे.एल. कास्दे, उप परियोजना संचालक (आत्मा) अखिलेश पटेल, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. रूपचन्द जाटव, डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया, सहायक संचालक कृषि भागवत सिंह, विभागीय क़ृषि अधिकारी, डॉ. सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी, प्रगतिशील/उन्नतशील कृषक, कृषि सखी एवं कृषक भाई उपस्थित थे। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को अपने खेतों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं करने तथा जैविक खेती का उपयोग करने की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने इस दौरान लगाये गये जैविक उत्पादों के स्टाल का निरीक्षण किया तथा सत्यशिव फार्म हाउस पानतलाई के संचालक भरत टांक के 25 एकड़ जैविक फार्म का अवलोकन किया।

#### वैज्ञानिकों ने दी जानकारी

कार्यक्रम प्रगतिशील जैविक व प्राकृतिक कृषक शिवनारायण चाचरे, कृषि सखी सीमा भाटी ने कृषकों को प्राकृतिक व जैविक खेती का व्यवहारिक ज्ञान एवं अनुभव प्रसारित किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. रूपचन्द जाटव ने किसानों को जैविक खेती की तकनीकी एवं मिट्टी परीक्षण के महत्व के संबंध में तकनीकी ज्ञान प्रदान किया गया।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को लेकर 10 को निकाली जाएगी पदयात्रा

### आयोजन के लिए अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे

**हरदा**। राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 10 नवंबर को हरदा व टिमरनी में पदयात्रा आयोजित की जाएगी। नगरीय क्षेत्र टिमरनी में पदयात्रा प्रातः 8 बजे से नया बस स्टेण्ड से प्रारम्भ होकर शासकीय महाविद्यालय टिमरनी में सम्पन्न होगी जबकि नगरीय क्षेत्र हरदा में पदयात्रा दोपहर 3 बजे से अजनाल घाट से प्रारम्भ होकर नेहरू स्टेडियम हरदा में सम्पन्न होगी। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजंली जोसेफ ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है। उन्होने पदयात्रा के दौरान में मार्ग में प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा एवं रूट पर एम्बुलेंस की व्यवस्था हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दायित्व सौंपे है। यात्रा के दौरान राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने हेतु कार्यक्रम के पूर्व, दौरान एवं पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पदयात्रा के 3 चिन्हित मुख्य हाल्टिंग स्थान पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिये जिला सूचना अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी व एन.एस.एस. समन्वयक को दायित्व सौंपा गया है।



### बालक बालिका समानता के लिए नुक्कड़ नाटक किया

# नुक्कड़ नाटक, लोक गीत व कठपुतली नाट्य से योजनाओं का प्रचार किया

**हरदा**। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं का प्रचार-प्रसार नुक्कड़ नाटक, लोकगीत, कठपुतली नाट्य के द्वारा किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी रंगारे ने बताया कि शुक्रवार को बस स्टेण्ड हरदा में जेण्डर आधारित हिंसा को समाप्त करने तथा बालक बालिका समानता के लिये नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत नाटक का आयोजन कर बाल विवाह के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा अपने आसपास होने वाले बाल विवाह के आयोजनों का विरोध करने के लिये प्रेरित किया गया।



### टोने-टोटके कथा नहीं होती, रामकथा रसायन भी औषधि भी

# धर्म तोड़ने का नहीं जोड़ने का काम करता: मदनमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

स्थानीय कच्छकड़वा पाटीदार भवन में ब्रम्हलीन मस्तरामदास त्यागी महाराज की तपोभूमि आश्रम के जीर्णोद्धार व चातुर्मास सीताराम जाप की पूर्णाहुति पर आयोजित श्री रामकथा में वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक पं. मदनमोहन व्यास महाराज ने रामचरित्र मानस का रसास्वादन कराया।

महाकवि तुलसीदास जी ने श्री रामचरित्र को जिस लोक भाषा में सहजता से वर्णित किया है उसका निचोड़ विभिन्न लोकोक्तियों एवं धार्मिक दृष्टांतों के साथ कथावाचक श्री व्यास जी महाराज ने और सहजता के साथ वर्णित किया। कथा के दूसरे दिवस श्री व्यास जी ने कहा कि बाबा तुलसीदास ने जितनी सहजता और सुंदरता के साथ प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र का वर्णन किया है वह मानव मात्र के लिए पथ प्रदर्शक है। उन्होंने कहा कि धर्म ग्रंथों से ही सामाजिक अनुभूति होती है। अध्यात्म का परम सत्य यही है कि जो नहीं दिखाई देता वही सत्य है। जिस प्रकार माला में धागा दिखाई नहीं देता, लेकिन धागे में ही फूल पिरोये जाते है। रामकथा श्रवण करने के लिए श्रृद्धा और श्री राम जी के प्रति प्रेम होना जरुरी है। वास्तव में श्री रामचरित्र मानस एक प्रेम ग्रंथ भी है। श्री व्यास जी ने कहा कि जब हम श्रृद्धा और निष्ठा के साथ धर्म ग्रंथों का अध्ययन और श्रवण करते है तो वह हमें वास्तविक जीवन जीने का रास्ता बल्कि जीवन का सार ही बता देते है।



कथा सुनना कोई आसान काम नहीं है। जब तक प्रभु की कृपा नहीं होती तब तक हमें संतों का संग और सत्संग सुनने का सौभाग्य भी प्राप्त नहीं होता। आज इस परिसर में जो श्रोता अपना कामकाज छोडक़र कथा सुनने आए है उन पर निश्चित ही प्रभु की कृपा है। रामकाज से बढक़र कोई कामकाज नहीं हो सकता। रामरस के सामने कामरस फीका पड़ जाता है। नवदा भक्ति में भी प्रथम श्रवण भक्ति ही कहा गया है। श्रवण सत्संग से प्राप्त होता है। श्री व्यास ने कहा कि तुलसी बाबा ने निष्पक्ष भाव से प्रभु चरित्र का वर्णन किया है। लेकिन कुछ विकृत मानसिकता के लोग उसमें भी किंतु परंतु लगा देते है। जिन लोगों ने श्री रामचरित्र मानस को ठीक से पढ़ा भी नहीं है वह कहते है कि तुलसीदास ब्राम्हण थे इसलिए उन्होंने ब्रम्ह महिमा को बढ़ चढक़र वर्णित किया है। ऐसे लोगों को वास्तव में रामचरित्र मानस को पढऩा चाहिए। जिसमें तुलसीदास जी ने कहा कि विप निरक्षर लोलुप कामी अर्थात अनपढ़, ब्राम्हण, लोभी, कामी, आचारहीन, मूर्ख और व्याभिचारी स्त्री के समान होता है। रामचरित्र मानस समग्र समाज के लिए एक आदर्श और मार्गदर्शन प्रदान करने वाला ग्रंथ है। इसके प्रत्येक दोहा-चौपाई हमें जीवन का सार बताती है। हम उन भौतिक संसाधनों की चाहत में उलझकर आध्यात्म और धार्मिक ग्रंथों से दूर हो गए है, जो हमें जीवन दर्शन कराते है। संग्रह तो भिखारी भी करता है, लेकिन त्याग हर कोई नहीं कर सकता।

# प्रेम और आध्यात्म एक दूसरे के पूरक: साध्वी प्रेक्षा श्रीजी

### महासतिया विहार कर कांतिलाल भंडारी के निवास पहुंचे

**खिरकिया**। आचार्य भगवन 1008 श्री रामलालजी एवं उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि की आज्ञानुवर्तिनी शासन दीपिका शप्रज्ञा श्रीजी, साध्वी प्रेक्षा श्रीजी, साध्वी प्रणति श्रीजी छीपाबड़- खिरकिया की कुल दीपिका एवं साध्वी प्रशस्ति श्रीजी ठाणा 4 स्वरूपचंद-हरकचंद सांड के निवास से प्रातः 6:55 बजे विहार कर कांतिलाल भंडारी छिपावड़ परिक्षेत्र श्री राम हाईटेक कॉलोनी के निवास पर सुखसाता पूर्वक विराज रहे हैं। सभी श्रद्धालुओं एवं गुरुभक्तों के नवकारसी का लाभ भी कांतिलाल भंडारी परिवार ने लिया। 8 नवंबर अनुज्ञा सुबह 6:30 बजे 7 बजे विहार कर छीपाबड़ में विजयसिंह खरबड़िया के निवास महाराणा चौक पहुंचने की संभावना रहेगी। श्रावक-श्राविकाएं, सत्संग प्रेमी, गुरुभक्त सहपरिवार विहार सेवा का लाभ लेवे। साध्वी प्रेक्षा श्रीजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम और आध्यात्म एक दूसरे के पूरक हैं। सच्चा प्रेम आध्यात्मिक यात्रा का मार्ग प्रशस्त करता है और आध्यात्मिक प्रेम हमे गहन और निस्वार्थ स्वरूप को समझने में मदद करता है यह व्यक्तिगत और आत्मिक विकास की एक सतत प्रक्रिया है जो हमें जीवन में अर्थ और उद्देश्य प्रदान करती है भौतिक प्रेम, शारीरिक आकर्षण, स्वार्थ पर आधारित होता है यह क्षणभंगुर हो सकता है जबकि आध्यात्मिक प्रेम शाश्वत, बिना शर्त, आत्मा से उत्पन्न होता है।

# चाकू लहराकर बुजुर्ग को धमकाया आरोपी पर पहले से दर्ज हैं कई मामले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

एक युवक द्वारा चाकू दिखाकर एक बुजुर्ग को धमकाने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक बाइक सवार युवक बुजुर्ग से अभद्रता करते हुए उसे चाकू से डराता दिख रहा है। जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक आपराधिक प्रवृत्ति का है और उस पर विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। इंदौर पुलिस भी इस युवक की तलाश कर रही है। इस वीडियो को लेकर आमजन में पुलिस की कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह की आपराधिक गतिविधियां चिंताजनक हैं। थाना कोतवाली टीआई रविंद्र यादव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। हालांकि, पीड़ित पक्ष ने अभी तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस वीडियो में दिख रहे युवक की तलाश कर रही है, जिसके खिलाफ कोतवाली में पहले भी मामले दर्ज हैं।

### जल जीवन मिशन व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक

# कलेक्टर बोले-जिले की सभी पेयजल योजनाओं का संचालन अत्यधिक बेहतरीन ढंग से किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर जल जीवन मिशन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाओं को सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जिले की सभी पेयजल योजनाओं का संचालन बेहतर ढंग से किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतें उपभोक्ताओं से जलकर राशि का नियमित संग्रहण करें, जिससे योजनाओं के रखरखाव में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टिल्लू पंप अथवा अवैध रूप से पेयजल कनेक्शन का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जिन व्यक्तियों को पेयजल आपूर्ति के लिए नियुक्त किया गया है, वे उपभोक्ताओं से संग्रहित जलकर राशि को समय पर संबंधित पंचायत में जमा कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जो व्यक्ति या किसान पाइपलाइन को क्षति पहुंचाकर खेतों में सिंचाई कर रहे हैं, उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही, जिन विभागों या एजेंसियों द्वारा अपने निर्माण या अन्य कार्यों के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त की गई है, वे तत्काल उसकी मरम्मत कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं पर कार्य प्रगतिरत है, उनमें गति लाई जाए, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। इसके साथ ही जो पेयजल परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें नियमानुसार संबंधित पंचायतों या संस्थाओं को हैंडओवर किया जाए।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।